# 2nd class, Hindi Bodh Copywork, पाठ - 3

## सुलेख

सरदियों के दिन थे। सवेरे का समय था। एक बालक अकेला ही स्कूल जा रहा था। वह रेल की पटरी पर चला जा रहा था। अचानक उसने देखा कि एक जगह से रेल की पटरी उखड़ी हुई है।

2nd class, Hindi Bodh
Copywork, पाठ - 3

# शब्द - अर्थ

1) बालक - लड़का
2) भयंकर - डरावना
3) ह्रदय - मन
4) वीरता - बहादुरी
5) दृष्टि - नज़र

2nd class, Hindi Bodh
Copywork, पाठ - 3

# प्रश्न - उत्तर

1) वीर बालक का नाम क्या था ?
उत्तर- वीर बालक का नाम
अक्षय कुमार था।

2) स्कूल जाते समय बालक ने
अचानक क्या देखा ?
उत्तर- स्कूल जाते समय बालक ने
अचानक देखा कि एक जगह
से रेल की पटरी उखड़ी हुई है।

2nd class, Hindi Bodh
Copywork, पाठ - 3

# प्रश्न - उत्तर

3) बालक ने गाड़ी को रोकने के लिए क्या किया ?

उत्तर- बालक ने गाड़ी को रोकने के लिए दोनों पटरियों के बीच में खड़ा हो गया। उसने तुरंत अपनी कमीज़ उतारी और दोनों हाथों से कमीज़ को पकड़कर झंडी की तरह हिलाने लगा।

2nd class, Hindi Bodh
Copywork, पाठ - 3

# श्रुतलेख

1) इंजन
2) राष्ट्रपति
3) सैकड़ों
4) प्राणों
5) सम्मान
6) क्रोध
7) गाज़ीपुर
8) मुसाफ़िर

# अभ्यास

## पाठ से

### मौखिक

**1. प्रश्नों के उत्तर बताओ—**

क. यह घटना कब और कहाँ घटित हुई?

ख. वीर बालक का क्या नाम था?

ग. अक्षय कहाँ जा रहा था?

### लिखित

**2. प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

क. स्कूल जाते समय बालक ने अचानक क्या देखा?

ख. बालक क्यों काँप उठा?

ग. रेल की उखड़ी हुई पटरी देखकर बालक ने क्या तय किया?

घ. बालक ने गाड़ी को रोकने के लिए क्या किया?

**3. सही उत्तर पर ✓ लगाओ—**

क. अक्षय को कौन-से पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

i. विजय चक्र ☐ ii. शौर्य चक्र ☑ iii. अशोक चक्र ☐

ख. 1953 में देश के राष्ट्रपति कौन थे?

i. डॉ० राजेंद्र प्रसाद ☑

ii. महात्मा गांधी ☐

iii. पंडित नेहरू ☐



## इन पर विचार करो

1. इस पाठ से क्या सीख मिलती है? सोचकर बताओ।
2. विपत्ति के समय तुम क्या करते हो? बताओ।

## प्रशंसा-योग्य

- 'असंभव' शब्द का प्रयोग केवल कायर करते हैं। बहादुर और बुद्धिमान व्यक्ति अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करते हैं।

—चाणक्य

## जानी-अनजानी बातें

- 'राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार' भारत में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को 6 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बहादुर बच्चों को दिए जाते हैं। पुरस्कार के रूप में एक पदक, प्रमाण-पत्र और नकद राशि दी जाती है, साथ ही स्कूल की पढ़ाई पूरी करने तक आर्थिक सहायता भी दी जाती है।

## भाषा से

### श्रुतलेख

भयंकर, दृष्टि, प्रशंसा, हृदय, सम्मान, ड्राइवर, डॉक्टर, राष्ट्रपति, राजेंद्र प्रसाद

1. **अनुस्वार (ं) वाले तीन शब्द पाठ में से ढूँढ़कर लिखो—**

भयंकर ........ इंजन ........ परंतु ........ तुरंत

2. **विलोम शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क. सरदी | × | गरमी | ग. दूर | × | पास |
| ख. सम्मान | × | अपमान | घ. वीरता | × | कायरता |

नीचे दिए 'र' के रूपों से बनने वाले दो-दो शब्द लिखो–

| | | | |
|---|---|---|---|
| र | – रेल | वीर | पटरी |
| र्‍ | – शौर्य | कर्म | वर्षा |
| ्र | – प्रसाद | राजेंद्र | चक्र |
| ्र | – राष्ट्रपति | ड्राइवर | ट्रक |

'का', 'के', 'की', 'को' का प्रयोग करते हुए वाक्य पूरे करो–

क. बालक ... का ... नाम अक्षय कुमार था।

ख. उन्होंने अक्षय कुमार ... को ... शौर्य चक्र देकर उसका सम्मान किया था।

ग. उसी समय दूर से गाड़ी ... के ... इंजन ... की ... आवाज़ सुनाई दी।

घ. फिर गाड़ी के चलने ... की ... आवाज़ सुनाई दी।

## प्रस्तावित गतिविधियाँ

1. हर साल गणतंत्र दिवस समारोह में बहादुर बच्चों को देखकर आप क्या सोचते हैं। कक्षा में अपने सहपाठियों से इस विषय में बातचीत कीजिए।
2. अखबार अथवा किसी पत्रिका से गणतंत्र दिवस समारोह का चित्र काटकर स्क्रैप बुक में चिपकाओ और उसके बारे में चार वाक्य लिखो।

### हमने क्या सीखा

1. मुसीबत में धैर्य और साहस से काम लेना चाहिए।